हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026




## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में अज्ञात पर जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाडीह बुंदेली निवासी बालाराम ने बताया कि अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और एक हजार रुपए नकद चोरी हो गए। जेवरों की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। इसी थाना क्षेत्र के डोंगझारखार परसदा के पास एक अन्य घटना में खेत में लगा सोलर पंप और केबल वायर चोरी हो गया। प्रार्थी सीमाराम की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिले में नई गाइडलाइन जारी, 20 से लागू

**महासमुंद।** स्थाई संपत्ति के गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संबंध में छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए रायगढ़, महासमुंद एवं बालोद जिलों से प्राप्त स्थावर संपत्ति की गाइडलाइन दरों के वर्ष 2025-26 के लिए पुनरीक्षण प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें 20 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। उल्लेखनीय है कि इन दरों के लागू होने से संपत्ति पंजीयन, राजस्व संकलन तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर विनय लंगेह ने जारी नवीन गाइडलाइन के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश उपंजीयक रजिस्टार को दिए हैं।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 तक

**महासमुंद।** जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### निस्तारी के लिए नहर नाली से जल सुविधा प्रदान किए जाने की मांग

**महासमुंद।** ग्रामीणों और पशुधन के लिए निस्तारी के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर से मांग की है कि तुमगांव स्थित भोरिंग नहर नाली से निस्तारी जल उपलब्ध कराए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। साहू ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में कहा है कि वर्तमान में भोरिंग स्थित आवासीय एकलव्य विद्यालय में जल आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो गई है, जिसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पेयजल एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए विद्यालय परिसर से बाहर जाना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि विद्यालय प्रबंधन को टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जो अस्थायी एवं खर्चीली व्यवस्था है इसके अतिरिक्त अछोली बेलटुकरी, अछोला, जोबा, गढ़मीवनी, मालीडीह, पिरदा, गुरुडीह सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामों में भी गर्मी प्रारंभ होते ही जल संकट गहराने लगा है। क्षेत्र में निस्तारी जल उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों एवं मवेशियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# छुरा छात्रावास में भुगतान के बाद भी नहीं डाली नींव, 25 बिस्तर पर सो रहे 50 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में अव्यवस्था और निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। अतिरिक्त कक्ष भवन की स्वीकृति लगभग एक वर्ष पूर्व दी गई थी और ठेकेदार को अधिकांश राशि का भुगतान भी किया जा चुका है, लेकिन आज तक भवन की नींव तक तैयार नहीं हो सकी है। वर्तमान में केवल खुदाई का कार्य जारी है, जिससे साफ है कि निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है।

इस लापरवाही का सीधा असर छात्रावास में रहने वाले मासूम बच्चों पर पड़ रहा है। 25 बिस्तरों की क्षमता वाले छात्रावास में इस समय लगभग 50 बच्चे रह रहे हैं। हालात यह हैं कि एक-एक बिस्तर पर दो-दो बच्चों को सोना पड़ रहा है। छात्रों ने बताया कि जगह की कमी के कारण पढ़ाई, विश्राम और दैनिक गतिविधियों में भी परेशानी हो रही है। यह छात्रावास वर्ष 1970 से संचालित हो रहा है और क्षेत्र के सबसे पुराने छात्रावासों में से एक माना जाता है। यहां से पढ़कर कई विद्यार्थी उच्च पदों पर पहुंचे हैं और समाज में अपनी पहचान बनाई है। बावजूद इसके, इतने वर्षों में मुख्य भवन का नया निर्माण नहीं हो सका। समय-समय पर केवल मरम्मत कार्य होते रहे, जिन पर लाखों रुपये खर्च किए गए। जानकारों का कहना है कि जितनी राशि मरम्मत में खर्च हुई है, उससे कई गुना कम लागत में नया भवन तैयार किया जा सकता था।

## अनियमितता की भेंट चढ़ा मासूमों का भविष्य

### मरम्मत के नाम पर खेल, नए भवन से परहेज

अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति बच्चों की बढ़ती संख्या और जगह की कमी को देखते हुए दी गई थी, ताकि छात्र बेहतर वातावरण में रहकर पढ़ाई कर सकें। लेकिन अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को समयबद्ध निर्देश नहीं देने और निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण कार्य में देरी हो रही है। यदि वर्तमान गति से काम चलता रहा तो भवन पूर्ण होने में अभी एक वर्ष और लग सकता है। तब तक बच्चों को इसी असुविधा में रहना पड़ेगा। गौरतलब है कि क्षेत्र में अन्य कई छात्रावासों को भी स्वीकृति मिली है और उनके नए भवन तेजी से बनकर तैयार हो गए हैं। इसके विपरीत, पुराने और जर्जर भवन वाले इस छात्रावास की उपेक्षा समझ से परे है। प्रशासन हर वर्ष मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च करता है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।



### उच्चस्तरीय जांच की मांग

इस संबंध में जानकारी लेने के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग गरियाबंद लोकेश पटेल को फोन किया गया, किंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि छात्र सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

## प्रदर्शन : सुरक्षा के कड़े इंतजामों के चलते प्रदर्शनकारी परिसर के भीतर नहीं घुस सके

# जिले में मनरेगा बचाव संग्राम, कलेक्टोरेट घेराव के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों में तीखी झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में शुक्रवार को गरियाबंद में प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस, एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। मनरेगा बचाव संग्राम के तहत आयोजित इस आंदोलन में मनरेगा के नाम में बदलाव तथा कथित नए कानून के विरोध को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई। कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, हालांकि पुलिस और प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

■ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच जबरदस्त धक्का-मुक्की हुई

आंदोलन की शुरुआत नगर के रावणभाठा मैदान से हुई, जहां एक आमसभा आयोजित की गई। सभा के बाद सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। पुलिस ने कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर बैरिकेड लगाकर जुलूस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। महिला पुलिसकर्मियों और महिला कार्यकर्ताओं के बीच भी कुछ देर के लिए झड़प की स्थिति बनी रही। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट परिसर तक नहीं पहुंच सके। बाद में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि सरकार गांधी नाम से भयभीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे महात्मा गांधी हों, इंदिरा गांधी राजीव गांधी या राहुल हर गांधी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक देश में लोकतंत्र कायम है, नाथूराम गोडसे की विचारधारा सफल नहीं होगी।




### मनरेगा गरीब और मजदूर वर्ग के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन

विधायक ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी नेशनल रोजगार गारंटी कानून को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है और उसकी जगह नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि इससे ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा पलायन की समस्या बढ़ेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि मनरेगा गरीब और मजदूर वर्ग के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है। यदि यह व्यवस्था कमजोर होती है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बच्चों की शिक्षा और स्थानीय रोजगार पर व्यापक असर पड़ेगा।

### मजदूरों से उनकी मजदूरी छीनी जा रही

उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों से उनकी मजदूरी छीनी जा रही है और देशभर में मनरेगा श्रमिक विरोध जता रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार किसान और मजदूरों की आवाज उठा रहे हैं तथा उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आंदोलन में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह, शैलेंद्र साहू, स्मृति सिंह ठाकुर, गौरव मिश्रा, पुष्पा साहू, अमित मिरि, रूपेश साहू, संदीप सरकार, प्रेम सोनवानी, छगन यादव, मोतीराम साहू, राजेश साहू, बेदराम साहू, नीरज ठाकुर, डीके ठाकुर, चेतन सिन्हा,दुर्गा प्रसाद सिन्हा,हेमलता सिन्हा, योगेश्वरी साहू, श्रद्धा ठाकुर, अवध राम यादव ऐश्वर्य यदु सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन अलग अलग सड़क हादसे में 4 युवक की मौत, 2 की स्थिति नाजुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम हादसों के नाम रही। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच तीन अलग अलग सड़क हादसों में 4 यूवकों की जान चली गई,जबकि दो अभी जिंदगी मौत के बीच जूझ रहे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उरमाल रोड में बाइक सवार लहराते हुए यात्री बस से टकराया जिससे गुढियारी निवासी एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। जबकि नेशनल हाइवे 130 सी में झराबहाल के पास दो बाइक आपस में टकराया जिसमें दरलीपारा निवासी डोमार सिंह 25 साल एवं ज योगेश कुमार 26 साल की मौत होने जानकारी मिली है। बर्बहाली में भी बाइक सवार को बड़ी वाहन ने टक्कर मार दी,जिसके चलते एक युवक की मौके पर मौत हो गई।जबकि हादसे में भविष्य ध्रुव और परमानंद गंभीर रूप से घायल है,जिनका उपचार देवभोग ने जारी है। बीएमओ डॉक्टर प्रकाश साहू ने बताया कि दोनों गंभीर घायल है जिन्हे प्रारंभिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी देवभोग फैजुल शाह हुदा ने कहा कि तीन हादसे में 4 की मौत हुई है। मार्ग कायम कर विवेचना किया जा रहा है सभी शव को मरच्योर में रखा गया है। हादसों की जांच की जा रही है।

# बोर्ड परीक्षाओं का आगाज, 12वीं के बाद आज से 10वीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का 20 फरवरी को कक्षा 12 का आगाज हो चुका है आज 10 वीं कक्षा का होगा। बारहवीं बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी। जबकि दसवीं बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ होकर 13 मार्च तक आयोजित होगी। इसी कड़ी में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी रसेला और रूवाड दोनों स्कूलों का परीक्षा केंद्र रसेला को बनाया गया है। 20 फरवरी को भौतिक और भूगोल विषय का कक्षा 12 वीं के परिक्षार्थियों ने कुल 44 छात्रों ने परीक्षा दिलाएं गई। रसेला परीक्षा केंद्र के केन्द्राअध्यक्ष एस के लागेवार ने बताया कि परीक्षा केंद्र के बाहर सुबह से ही विधार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखा गया। केन्द्र में पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने रसेला, कनसिघी, कोसमी,फुलकर्रा,पिपरछेडी और दुल्ला सहित अन्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन ने विधार्थियों से आगामी परीक्षाओं के लिए समय पर केन्द्र पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। साथ ही साथ परीक्षा के दौरान सतत निगरानी रखी गई और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए उड़न दस्ते सक्रिय रहे और विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।



## 12वीं बोर्ड परीक्षा का आगाज, 13 केंद्रों पर परीक्षार्थी हुए शामिल...



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ हुई। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। पहला पेपर हल करने के बाद परीक्षा कक्ष से बाहर निकल छात्र-छात्राएं आपस में चर्चा करते नजर आ रहे है।

## रोहित साहू ने मितानीन भवन का लोकार्पण किया

# स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में विभिन्न मांगों के 628 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में विगत दिनों स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अथिति के रूप में राजिम विधायक सम्मिलित हुए और मितानीन भवन का लोकार्पण भी किया। मंच पर विधायक रोहित साहू एवं जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी सहित पार्षदों का स्वागत पौधे देकर किया गया। यहीं पर दूसरी ओर स्वस्थ पंचायत को लेकर विकासखंड स्तर पर मितानीन बहने एकत्रित हुई थी जिनको लेकर अपने अपने ग्रामो की समस्याओ का संग्रह किया गया तो उसमे कुल 628 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में सबसे अधिक महतारी वंदन योजना में नाम जोड़ने का आया है। इस योजना को लेकर 295 लोगों ने आवेदन किया है। जिन्हे पता था आवेदन देना है लेकिन हकीकत यह भी है कि गांव-गांव से आवेदन मंगाए जाये तो 500 के ऊपर हो जाए।

## महतारी वंदन योजना के लिए उमड़े सबसे ज्यादा आवेदन



इसी प्रकार जननी सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिलने की 3 शिकायत, डिलवरी वाहन 102 गाड़ी को लेकर समस्या के 06 आवेदन, सीएचसी मे महिला नसबंदी की मांग के 14 आवेदन, प्रसव कराने को लेकर अस्पताल मे राशि मांगने की मांग को लेकर 2 आवेदन, डब्लूएचओं मे अतिरिक्त भवन की मांग को लेकर 7 आवेदन, बीपी शुगर की मशीन की मांग को लेकर 12 आवेदन, अन्य स्वास्थ से संबधित मांग को लेकर 28 आवेदन, मितानीन प्रोत्साहन राशि समय पर देने की मांग को लेकर 6 आवेदन, शौचालय की मांग को लेकर 34 आवेदन, नाली निर्माण की मांग को लेकर 71 आवेदन, आवास योजना की मांग को लेकर 41 आवेदन, वृद्धा पेंशन योजना को लेकर 17 आवेदन, उज्जवला योजना की मांग को लेकर 18 आवेदन अन्य समस्याओं की मांग को लेकर 25 आवेदन, आहता भवन नाली निर्माण की मांग को लेकर 8 आवेदन, स्कूल एवं अस्पताल की मांग के लिए 2 आवेदन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ को लेकर मांग के 2 आवेदन, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में महिने के 9 एवं 24 तारीख को मरीजों को भोजन प्रदान करने सहित अन्य मांगो का आवेदन पत्र मिला है जिनका शासन स्तर पर निराकरण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में नोसराम साहू, गोपचद बजर्जी, उत्तम सिंह राजवंशी, बीएमओ स्नेहलता हूमने, पूर्व बीएमओ परितोश कुदेशिया, जिला समन्वयक चंद्रकांता साहू, ब्लाक समन्वयक नीतू तिवारी, मधु यदु, स्वस्थ पंचायत समन्वयक सेविका सोनी, मितानीन प्रशिक्षिका सरोज साहू, सगनि सिन्हा, पार्वती सिन्हा, राम्हीन सिन्हा, यशोदा साहू, महेश्वरी साहू, हीरामति साहू, भारती श्रीवास, सोहागा साहू, भोजवती निषाद, गायत्री रात्रे, धनेश्वरी टांडे, भुनेश्वरी यदु, अंबिका यादव, सारिका यादव, एष्पा वर्मा एवं नीतू चौहान सहित मितानीन दीदीयां शामिल रही।

# खेतों में बिछी पीली चादर सरसों के फूल लहलहा उठी

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के किसान सरसों की खेती की ओर चल पड़े है क्योकि लगातार खाद्य तेलो के रेट बढ़ रहे है बढ़ते खाद्य तेलो की कीमत की वजह से क्षेत्र मे लगभग विलुप्त हो चुकी दलहन तिलहन की खेती को दोबारा संजीवनी मिली है और किसान सरसों की खेती को अवसर मे बदल रहे है। क्षेत्र मे कुछ वर्षो के भीतर सरसों की खेती का दायरा बढ़ गया है इस बार सरसों की पीले फुल लहलहाने लगी है इन दिनों ग्राम पथर्री, भुतबेड़ा, गरीबा जैसे दूरस्थ वनांचलों में सड़क किनारे नीले आसमान के नीचे सरसों के पीले फूलों को देख ऐसा लग रहा है मानों प्रकृति अपनी सुंदरता बिखेर रही है। इस वर्ष सरसों की फसल को देख अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है किसान जेठुराम, जगतराम नागेश, भगन नेताम, देवसिंग ठाकुर ने बताया मैनपुर क्षेत्र में दो बार सरसों की खेती वर्ष में करते है छोटे किस्म के सरसों की फसल पक गया है जो अब कटने को तैयार है। मैनपुर के कृषि अधिकारी जी के ठाकुर ने बताया की क्षेत्र में किसान दो बार सरसों की खेती करते है छोटे किस्म के सरसों की फसल इन दिनों लहलहा रही है हालंकि बहुत कम मात्रा में किसान सरसों की खेती कर रहे है।



## खबर संक्षेप

### जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण मजबूत होंगे



**पाण्डुका।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी जी राम जी नई रोजगार गारंटी योजना को लेकर भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जी राम जी योजना के बारे में कांग्रेस पार्टी लोगों को भ्रमित कर गुमराह कर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की कोशिश कर रही है।यह योजना ग्रामीण गरीबों को को रोजगार देने का अवसर प्रदान होगी। लेकिन कांग्रेस केवल नाम बदलने की राजनीति कर जनता के हितो का विरोध कर रही है।जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाली ऐतिहासिक कदम है। लेकिन कांग्रेस पार्टी को मजदूरों को ज्यादा काम मिलना और बेरोज़गारी भत्ता को अनिवार्य किया जाना कांग्रेस को बर्दाश्त नही हो रही है। जी राम जी अधिनियम एक स्वच्छ, डिजिटल प्रूफ, जवाबदेह और विकसित भारत के लिए विकसित ग्राम के सपने को साकार करने वाली है।इस अधिनियम में बेरोज़गारी भत्ता,समय पर भुगतान और कृषि कार्यों के लिए श्रमिकों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कांग्रेस के शासन काल में रोजगार योजनाएं भ्रष्टाचार और बंदरबांट का शिकार रही,जबकी मोदी सरकार ने वीबी जी राम जी के जरिए व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया इस योजना के तहत हर व्यक्ति को 100 दिन की जगह 125 दिनो का सुनिश्चित रोजगार मिलेगी व भुगतान सीधे मजदूरो के बैंक खातों में किया जाएगा तथा स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### पहले दिन 12वीं भूगोल और भौतिकशास्त्र का हुआ पर्चा

**महासमुंद।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई। पहले दिन कला संकाय की भूगोल और विज्ञान संकाय की भौतिक शास्त्र की परीक्षा हुई।

# जिला स्तरीय विविध स्पर्धा में मिनाक्षी, तुलेश्वरी और उपेंद्र ने मारी बाजी

## नन्हे सितारे प्रतियोगिता में खुडियाडीह और छुरा के छात्रों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिला प्रशासन गरियाबंद एवं ओपन लिंग्स फाउंडेशन विनोबा एप के माध्यम से जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहिली से आठवीं तक अध्यनरत विद्यार्थियों के जीवन कौशल विकास हेतु नन्हे सितारे नाम का नवाचार से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन चार विषय कविता वाचन, कहानी वाचन स्पोकन इंग्लिश एवं स्पेलिंग बी का वीडियो अपलोड के माध्यम से के लिए 8 दिसंबर 2025 से 26 जनवरी 2026 तक का समय दिया गया था जिसमें कक्षा स्तर कक्षा 1 से 3, कक्षा 4 से 5 एवं कक्षा छठवीं से आठवीं के अनुसार तीन स्तरों पर संपन्न हुआ जिला गरियाबंद विनोबा ऐप पर कुल 588 पोस्ट सभी विद्यालयों द्वारा डाले गए जिसे विनोबा ऐप के राष्ट्रीय टीम द्वारा परीक्षण पश्चात 78 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय ऑफलाइन प्रतियोगिता हेतु किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुडियाडीह के सात विद्यार्थियों जिसमें स्पोकन इंग्लिश में कुमारी मीनाक्षी प्रथम स्थान, कहानी वाचन में कुमारी तुलेश्वरी जगत द्वितीय स्थान एवं कविता वाचन में प्राथमिक विभाग से कुमारी किरण विशाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता हेतु मार्गदर्शन एवं बच्चों का उत्साह वर्धन संस्था के नव पदोन्नत प्रधान पाठक मनहरण लाल पटेल जी ने किया तथा संस्था के सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।इस हेतु प्रधान पाठक पटेल जी को भी विनोबा थैला एवं गिफ्ट देकर डीएमसी द्वारा सम्मानित किया गया विनोवा टीम के जिला कार्यक्रम प्रभारी शुभम पटेल एवं उनके टीम के संरक्षण में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा के छात्र उपेंद्र पटेल ने स्पेलिंग बी में जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसे जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विकासखंड स्तरीय विजेता प्रतिभागी कुमारी चंचल, कुमारी निशा कक्षा आठवीं, कुमारी तुलसी एवं भोपेंद्र कुमार कक्षा छठवीं को भी मंचासीन अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीईओ जगजीत सिंह धीर, जिला डीएमसी शिवेश शुक्ला, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, एपीसी विल्सन पी थॉमस, एपीसी बुद्ध विलास सिंह, बीईओ गजेंद्र ध्रुव, विनोबा ऐप प्रमुख जितेंद्र, शुभम एवं उनके टीम की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। खुड़ियाडीह शाला के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जनपद सदस्य विष्णु राम नागेश संकुल प्राचार्य कामत मैडम ग्राम पंचायत परसदा खुर्द सरपंच डिगेशवरी ठाकुर शामिल थे।

## समारोह : कचना धुरुवा महाविद्यालय में स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षा सफलता की पहली सीढ़ी : रूप कुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शिक्षा ही सफलता की पहली सीढ़ी है। शिक्षा प्राप्त करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। जिस व्यक्ति के पास शिक्षा का प्रकाश है, उसके जीवन से अज्ञान का अंधकार स्वतः दूर हो जाता है। क्षेत्रीय सर्व जातीय समाज के समर्थन में संचालित कचना धुरुवा महाविद्यालय की वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि एक समय था जब ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों के अभाव के कारण विद्यार्थी पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते थे। उच्च शिक्षा के अवसर सीमित थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सरकार द्वारा गांव-गांव और शहर-शहर महाविद्यालय खोले जा रहे हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र में नई-नई योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे।उन्होंने विशेष रूप से बेटियों को प्रेरित करते हुए कहा, "लड़कियां स्वयं को कभी कमजोर न समझें। यह नया भारत है, जहां बेटियां हर क्षेत्र में-शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन-हर जगह अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। सांसद ने विद्यार्थियों को बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया।

### छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस अवसर पर कॉलेज छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं पर, एकल, युगल एवं सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई उक्त कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर साहू समाज, यादव समाज, चंद्राकर समाज, आमात गोंड समाज, निर्मलकर समाज, बंजारा समाज, राजपूत,ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, प्रतिनिधि गण एवं महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष जितेंद्र साहू, सदस्य तेजस्वी यदु, लवण साहू, अश्वनी साहू, प्राचार्य डॉ. डीके साहू, वरिष्ठ प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, आरआर कुर्रे, पवन कुमार यादव, कैलाश साहू, धनराज ध्रुव, विनोद यादव, प्राध्यापिका निर्मला यादव, आरती साहू, रश्मि ध्रुव, लेकेश्वरी साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, छात्र संघ अध्यक्ष कु. सोनिया साहू, जागृत गिरी गोस्वामी, ज्योति ध्रुव, खेमिन पटेल सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय तय करता है दशा और दिशा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा की सभ्य समाज की नींव शिक्षा पर टिकी होती है। शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर व्यक्ति को सही सोच, संस्कार और दिशा देता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री देने का केंद्र नहीं, बल्कि वह मंच है जहां से छात्रों की दशा और दिशा तय होती है। यहीं से व्यक्तित्व का निर्माण होता है, नेतृत्व क्षमता विकसित होती है और भविष्य की मजबूत नींव रखी जाती है।

### शिक्षा से ही उज्ज्वल भविष्य

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली अमूल्य संपत्ति है। जिस घर में शिक्षा का दीपक जलता है, वहां समृद्धि और उजाला स्वयं प्रवेश करता है। उन्होंने कहा कि आज अवसर विद्यार्थियों के द्वार पर दस्तक दे रहा है जरूरत है उसे पहचानने और पूरी लगन से उसे हासिल करने की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को सीमित न रखें, बल्कि ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर कठोर परिश्रम से उन्हें साकार करें।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

प्रतिवर्ष की भांति छात्र छात्राओं की योग्यता के अनुरूप सत्र का सर्वश्रेष्ठ छात्र/छात्रा को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाता है। सत्र 2025 - 26 का सर्वश्रेष्ठ छात्र जागृत गिरी गोस्वामी एवं छात्रा सोनिया साहू के नाम रहा।जिसे सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। वही खेल प्रतिभा के लिए बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खेमीन पटेल को दिया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक सहयोगी रहे छुरा परिक्षेत्र के 18 जातीय समाज के अध्यक्षों को महाविद्यालय प्रबंध समिति एवं प्राचार्य ने सम्मानित किया। कहा कि समाज प्रमुखों के सहयोग से ही महाविद्यालय की नींव रखी गई। राजगोड,यादव,बंजारा,कंवर ,निषाद एवं ध्रुव समाज ने अपने सामाजिक भवन महाविद्यालय संचालन के निःशुल्क प्रदान किए।जिसके समर्थन एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालय को इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## गांजा की तस्करी करते 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार




**महासमुंद।** एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो लोगों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी थी कि टीवीएस जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूवी 1435 में दो व्यक्ति सरायपाली से रायपुर की ओर अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं।

इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 मेन रोड मंडी के पास ग्राम जोगीडीपा पहुंचकर वाहन को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम कलनाथ कुशवाहा उर्फ कमलेश पिता अर्जुन कुशवाहा (32 साल) खैराटोला रूपहीटाड़ थाना भीतहा जिला पश्चिम चंपारण, बिहार हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार यादव पिता सज्जन यादव (40 साल) निवासी छितौनी भीमनगर थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर का रहने वाले बताये।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 24.500 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 12 लाख 25 हजार को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# ग्रामीणों ने कहा साय सरकार ने बदली गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 21 फरवरी को पूरे प्रदेश में जन्मदिन मनाने की तैयारी चल रही है और भाजपा द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में निवास करने वाले ग्रामीण महिला पुरूष अपने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दो वर्ष के कार्यकाल को किस रूप से देखते है आज हरिभूमि ने ग्रामीण अंचल के निवासियो को चर्चा किया। तुहामेटा ग्राम पंचायत के भालुकोना कमार जनजाति ग्राम के महिलाएं रतनी बाई, राधिका बाई, बिमला बाई, सुरमोतिन बाई ने बताया हमारे गांव में पहली बार विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद डामरीकरण सड़क बना है इसके पहले हम लोग दलदल कीचड़ जर्जर सड़क में आने जाने को मजबुर होते थे ग्रामीण महिलाओं ने बताया की अब डामरीकरण सड़क बनने से हम लोगों को राशन लाने में और बांस बर्तन सप्ताहिक बाजार ले जाकर बेचने में आसानी होगी। आदिवासी क्षेत्र के महिला संतोशी बाई, रामबाई नेताम, सगोबाई ध्रुव, जागे"वरी, पुरनी बाई ने बताया जब से छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव की सरकार बनी है हम महिलाओ के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया है जिससे खासकर ग्रामीण इलाके के महिलाओ को ज्यादा लाभ मिल रहा है महिलाओं ने महतारी वंदन योजना प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलने से इसके प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तारीफ किया है।

# जब्त धान को छुड़ाने अब तक नहीं छूटे, प्रशासन ने बरती सख्ती

**महासमुंद।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संपन्न होने के बाद इस बार जिले में अवैध धान तस्करी पर कड़ी कार्रवाई का असर नजर आ रहा है। खरीदी समाप्त हुए लगभग 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन तस्करों के वाहन और जब्त धान अब तक नहीं छूट पाए हैं। जहां पूर्व वर्षों में तस्कर मंडी शुल्क जमा कर कुछ ही दिनों में अपने वाहन और धान छुड़ा लेते थे, वहीं इस बार प्रशासन की सख्ती के चलते प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। अब भौतिक सत्यापन और उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग सके। इस संबंध में कृषि उपज मंडी के सचिव दिनेश कुमार साहू ने बताया कि "पहली बार ऐसा हो रहा है कि धान तस्करों को वाहन छुड़ाने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ही मंडी शुल्क लेकर वाहन और धान छोड़ा जाएगा।"कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन में राजस्व, खाद्य, मंडी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अंतरराज्यीय सीमाओं पर 16 जांच चौकियां स्थापित कर सतत निगरानी की गई। इसके परिणामस्वरूप अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के 399 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 1,69,862 क्विंटल धान जब्त किया गया। जबकि पिछले वर्ष केवल 184 प्रकरणों में 12,828.15 क्विंटल धान की जब्ती हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में स्थानीय किसानों के दस्तावेज सही पाए गए, उनके धान को प्राथमिकता के साथ छोड़ा गया है। वहीं, अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े मामलों में सख्त रुख अपनाया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लग सके। अवैध धान परिवहन के मामलों में महासमुंद जिला इस बार प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया जिले में पारदर्शिता, अनुशासन और संतुलन के साथ संपन्न हुई है। वहीं, मंडी में जब्त धान के रखरखाव को लेकर भी चिंता सामने आ रही है, जहां लंबे समय से पड़े धान को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

# रामचरितमानस गान प्रतियोगिता में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के ग्राम हीराबतर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय भव्य रामचरितमानस कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा गांव भक्ति-मय वातावरण में सराबोर नजर आया।कार्यक्रम का शुभारंभ संत अंजनीनंदन शरण महाराज के पावन सानिध्य में अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ किया गया। विधि-विधान से पूजन अर्चना के बाद प्रारंभ हुए मानस पाठ में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर एवं कार्यक्रम स्थल पर भजन-कीर्तन और चौपाइयों की गूंज सुनाई देती रही।इस अवसर पर गरियाबंद जिले सहित आसपास के अन्य जिलों से पहुंचे रामचरितमानस मंडलियों ने मंच पर सुमधुर प्रस्तुति दी। मंडलियों द्वारा प्रस्तुत मानस गान, चौपाई व सुंदरकांड पाठ ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देर शाम तक भक्ति गीतों की स्वर लहरियां वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरती रहीं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरा श्रीमती मीरा ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सुजल कोठारी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा की सरपंच श्रीमती यमुना मरकाम मंचासीन रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का माध्यम होते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



### प्रमुख सहयोग और योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पटेल कल्याण सिंह, पूर्व सरपंच प्रताप सिंह नेताम, टकेश नेताम, प्रताप सिंह, परमेश्वर राजपूत, बेदराम ठाकुर, देवेश मरकाम, पूर्व सरपंच भीखम मरकाम, पंच अम्बालाल मरकाम, गौकरण राजपूत,ओम प्रकाश राजपूत, बसंत नेताम,कामता टाण्डे, टेशु नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।समापन अवसर पर सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सफलता की सराहना की। ग्राम हीराबतर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## मैनपुर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

# परीक्षा से डरें नहीं, आत्मविश्वास के साथ जीतें मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई है बोर्ड परीक्षा को लेकर आज के छात्र ज्यादा तनाव में दिखाई देते है पिछले दिनों भिलाई से एक दुखद घटना सामने आई यहां सीजी बोर्ड 10वीं की परीक्षा देने वाली छात्र ने एग्जाम के डर से खुदकुशी कर ली यह जीवन का सबसे गलत कदम है। आत्महत्या किसी समस्या का हल नही है परीक्षा के दौरान छात्र तनाव में न रहे इसके लिए माता पिता को भी अपने बच्चों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पेपर बिगड़ने या फेल होने के डर से निराश छात्र डिप्रेशन तनाव में चले जाते है जो गलत कदम उठा लेते है यह भूलकर भी न करे। विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिर मन से आत्मविश्वास के साथ तैयारी करें, विद्यार्थियों, विषय विशेषज्ञों, अभिभावकों से बोर्ड परीक्षा को लेकर विशेष चर्चा किया गया उन्होने स्कूली छात्र छात्रओं से कहा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करें डरे नहीं। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के प्राचार्य अमृतलाल साव ने कहा कि विद्यार्थी अपनी तैयारी सहज रूप से करें ज्यादा तनाव न लें अच्छे मे तैयारी करें तनाव में न ध्यान मेडिटेशन रहकर पढ़ाई करें योग, करे और शान्त मन से अपनी परीक्षा की तैयारी करें।



### तनाव कम करने के प्रभावी उपाय

सेवानिवृत्त हो चुके वरिष्ठ शिक्षक धनसाय सोनवानी का मानना है परीक्षा की तिथि घोषित होने के बाद बच्चों को यह मालूम होता है कि इस महीने मे परीक्षा होनी है स्कूली बच्चे पहले ही दिन से पढाई शुरू कर देते है उन्होने कहा छात्रों को घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि नियमित रूप से टाईम टेबल बनाकर पढ़ाई शुरू करें क्योंकि बच्चों की जुलाई से पढ़ाई शुरू हो जाता है और बच्चों को उन्हे रिपिट करना होता है श्री सोनवानी ने कहा बच्चे जल्दी सोये और सुबह जल्दी उठकर पढाई करे निश्चित रूप से उन्हे सफलता मिलेगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम स्कूल के प्राचार्य विश्राम नागेश का मानना है कि हमें बच्चों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाने से बचने का प्रयास करना चाहिए बच्चों का भविष्य उनके हाथों में है और यदि बच्चा अच्छे ढंग से सकारात्मक सोच के साथ अपने विषय की तैयारी कर रहा है तो उसकी सफलता निश्चित है अंग्रेजी एप्लीकेशन, लेटर, नोटिस के लिए दिये गये पैटर्न को अपनाये, स्पेलिंग में गलतियां कम करें, उत्तर को लिखकर याद करें, सप्लीमेंट्री पुस्तक की तैयारी करें।

### बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने कहा परीक्षा का नाम सुनते ही अभिभावक और बच्चे दोनों डर जाते है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए पालकों को चाहिए कि अपने बच्चों को पढ़ाई में सहयोग करें उनके ऊपर दबाव न बनाएं हर अभिभावक की तमन्ना होती है कि बच्चा परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन करें इसके लिए हर संभव जतन भी किये जाते है परीक्षा की तैयारी के लिए सकारात्मक महौल की जरूरत है और यह बात सभी पर लागू होती है फिर भी बच्चों का मन कोमल होता है इसलिए उन्हे पढ़ाई के साथ बीच -बीच में खेलकूद भी जरूरी है। मैनपुर बीआरसीसी शिव कुमार नागे ने कहा तनावमुक्त होने से दिमाग एक दम तरोताजा रहता है और पढ़ाई करने पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। सकारात्मक समय बितायें, गहरी सांस लेने की तकनीक सिखाएं शारीरिक गतिविधि करें, साथियों से बात करें, खुद के प्रति दयालु भाव रखें, सकारात्मक बदलाव करें, विशिष्ट कौशलों का अभ्यास, चिडचिड़ापन से दूर रखने कुछ नया या अप्रत्याशित अनुभव कार्य, रोज धीरे पढ़ाई करने का अभ्यास, भोजन में पौष्टिक का उपयोग, बच्चों के फिलिंग को समझने का प्रयास, मोबाईल का उपयोग सीमित करने की बात कहीं। हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षक गोविन्द पटेल ने कहा बच्चे पढाई के साथ अपनी सेहत का भी ख्याल रखे देर राततक पढाई करने से बचना चाहिए और सभी विशयों को अलग अलग समय नि"चत कर पढाई करें साथ ही परीक्षा देने वाले बच्चो को अपनी निंद पर भी ध्यान देना होता है।

# खड़े ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार गिरे अज्ञात वाहन से कुचलकर दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के छुईपाली टोल प्लाजा के करीब गुरुवार रात नेशनल हाईवे-53 में सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। बाइक सवार खड़े ट्रैक्टर से टकराकर गिर गए, फिर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। दोनों की पहचान ग्राम गौरटेक निवासी परमानंद भोई (60) और उपेश नाग (34) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार परमानंद भोई गुरुवार को अपने रिस्तेदार उपेश नाग के साथ उनकी बाइक सीजी 04 एच वी 3929 से घरेलू काम से लिमगांव गया था, जो शाम करीब 7 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। बाइक उपेंद्र नाग चला रहा था। नेशनल हाईवे पर छुईपाली टोल प्लाजा के आगे तिवारी ढाबा के पास बिना नंबर का खड़ा ट्रैक्टर को उपेश नाग देख नहीं पाया, बाइक सीधे ट्रैक्टर से टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुचले जाने से मांस के चिथड़े सड़क पर दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**खबर संक्षेप**

## विधायक ने खोमन को आदर्श शिक्षक के रूप में किया सम्मानित

**फिंगेश्वर।** विकासखंड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मितानिन स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन अत्यंत भव्य, प्रेरणादायी एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहित साहू विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र की ससम्मान उपस्थिति रही। सम्मेलन के दौरान विधायक श्री साहू के करकमलों से खोमन गुरुजी को आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। मितानिन दीदियों के इस विशाल एवं उत्साहपूर्ण सम्मेलन में सम्मान प्राप्त करना अत्यंत गर्व एवं आत्मसंतोष का विषय रहा। यह सम्मान शिक्षा क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पण, उत्कृष्ट कार्यशैली एवं नवाचारी प्रयासों का प्रतीक है। खोमन गुरुजी अपने नवाचारी शिक्षण पद्धति एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नए-नए प्रयोग करते रहते हैं, जो सदैव प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय सिद्ध होते हैं। शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का उनका प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर उपस्थित सभी मितानिन बहनों,जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह सम्मान भविष्य में भी समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक निष्ठा,समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

**समस्या :** पहाड़ी और पथरीला क्षेत्र होने के कारण यहां वाटर लेवल तेजी से गिर रहा

# ओढ़ और आमामोरा में गर्मी से पहले पेयजल संकट ग्रामीण नदी-नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गर्मी अभी प्रारंभ भी नही हुआ है और गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचल में बसे दुर्गम ग्रामों में पेयजल की परेशानी से लोगों को जुझना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 36 किमी दूर लगभग 2 हजार मीटर ऊंचाई पर बसा ग्राम पंचायत ओढ़ एवं आमामोरा तथा उसके आश्रित ग्राम हथौड़ाडीह, नगराल, सरईपारा, जोकपारा, कुकराल में अभी से पीने के पानी को लेकर हायतौबा मचने लगी है। ऐसा नही की यहा पेयजल उपलब्ध कराने विभाग द्वारा कोई प्रयास न किया गया हो कई गांवों में जल जीवन मिशन योजना के तहत क्रेड़ा सौर ऊर्जा के माध्यम से पेयजल सप्लाई के लिए पानी टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन पानी का सप्लाई गांव के भीतर नही हो पा रहा है जबकि नल की टोटिया भी लगाई गई है जिसके कारण मजबुरन ग्रामीणों को नदी नाले झरिया का पानी पीना पड़ रहा है। यह क्षेत्र पहाड़ी पथरीली क्षेत्र है जहां तेजी से वाटर लेवल नीचे चला जाता है और लोगों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। यहां हैंडपंप लगाए गए हैं लेकिन हैंडपंपों से आयरनयुक्त लाल पानी निकल रहा है जिससे खाना नहीं बन पाता। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के अंतर्गत गरियाबंद विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसा विशेष पिछडी जनजाति कमार आदिवासी बाहूल्य ग्राम पंचायत ओंढ एंव आमामोरा आज आजादी के 79 वर्षों पश्चात भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है, ग्राम पंचायत ओढ एवं आमामोरा दो अलग- अलग ग्राम पंचायत है और ये वहीं ग्राम पंचायत है, जहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण विधानसभा और लोकसभा की चुनाव में शासन मतदान दल को हेलीकाप्टर के सहारे पहुचाती है, तब कही जाकर आमामोरा और ओढ में मतदान हो पाता है, इस खुबसूरत पहाड़ी क्षेत्र को छत्तीसगढ का कश्मीर भी कहा जाता है, इस पहाडी क्षेत्र में ठंड इतना ज्यादा पडता है कि सुबह घरों के उपर खपैरल और पेड पौधें के पत्तो में बर्फ जम जाती है विशेष पिछड़ी जनजाति के अलावा, रावत एंव अन्य जनजाति के लोग निवास करते है।




### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग



ग्राम पंचायत ओढ़ के सरपंच राजीबाई सोरी, आमामोरा के सरपंच अर्जुन लाल कमार, उपसरपंच लखनलाल यादव ने बताया आमामोरा ओढ़ एवं आश्रित ग्रामो में हैंडपंप लगाया गया है लेकिन हैंडपंप का पानी आयरनयुक्त लाल होने के कारण उसका उपयोग पीने के लिए नही कर पाते भारी परेशानी गर्मी के दिनों में होती है अभी से पेयजल की समस्या शुरू हो गई है ग्रामीणों ने सड़क बिजली, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से किया है।

### ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की है दरकार आयरन युक्त पानी पीने मजबूर

बीहड पहाडी के उपर बसे ग्राम पंचायत ओंढ आमामोरा व उनके आश्रित ग्रामो में शासन के द्वारा हेडपम्प लगाया गया है, और दो जगह वन विभाग द्वारा सोलर पम्प लगाया गया है, लेकिन अधिकांश हेडम्पपो में आयरन युक्त लाल पानी निकलने के कारण ग्रामीण नदी नाले झरिया और कुंआ का पानी पीना पंसद करते है क्योंकि हेडपम्पों से निकलने वाला पानी कुछ समय बाद लाल हो जाता है, और लाल पानी से खाना नही बन पाता कुंआ भी सुखने की कगार में है। पहाडी के उपर बसे आमामोरा और ओढ ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति बेहद खराब है यहा घटना दुर्घटना या गंभीर स्थिति के साथ गर्भवती माताओं को विषम परिस्थितियो मे कांवर और खाट में लिटाकर मिलो पैदल दुरी तय कर अस्पताल तक लाना पडता है हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चार छै माह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दवा कर वितरण किया जाता है यहा के लोगो ने नियमित और स्थाई रूप से उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग की है।

### सन 1994 में मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ओंढ़ व आमामोरा पहुंचे थे

अविभाजि मध्यप्रदेश के दौरान मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जनवरी सन 1994 में कडाके के ठंड के बीच ग्राम ओंढ और आमामोरा पहुचे थे और बकायदा मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ग्राम ओंढ आमामोरा में पूरा रात बिताया था, यहा के विशेष पिछडी कमार, भुंजिया जनजातियों के जीवन शैली को बहुत नजदीक से देखा था रात में अलाव जलाकर ग्रामीणों की समस्या को सुना था, और ग्राम ओढ से आमामोरा लगभग 08 किलोमीटर पैदल दिग्विजय सिंह चलकर पहुचे थे। वही दूसरी ओर आमामोरा ओंढ में वर्ष 2008-09 में जब आंध्र स्त्रेत उल्टी दस्त से एक दर्जन ग्रामीणों की मौत हो गई थी उस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वः अजीत जोगी नदी नालो को पार कर बारिश के दिनों में आमामोरा पहुंचे थे, और उन्होने ओढ और आमामोरा के ग्रामीणा की समस्याओं को सुना था।

## सिर्रीखुर्द स्कूल में गूंजा जय भवानी-जय शिवाजी

**छुईहा बेलर।** प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में मराठा साम्राज्य के संस्थापक एवं महान राष्ट्रनायक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती देशभक्ति, साहस और स्वाभिमान की भावना के साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में मनाई गई। विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, कुशल नेतृत्व और राष्ट्रनिष्ठा का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया। नन्हे विद्यार्थियों की




ओजस्वी अभिव्यक्तियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन सिन्हा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग संकल्प, न्यायप्रियता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिवाजी महाराज के आदर्शों को आत्मसात कर जीवन में अनुशासन, साहस और कर्तव्यपरायणता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मगौरव और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्पद और स्मरणीय रहा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) – छुरा, मो. 9893464850

**खबर संक्षेप**

## जौंदी में गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**नवापारा-राजिम।** ग्राम जौन्दी में तीन दिवसीय पांच कुण्डीय संगीतमय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ जिसमें सम्पूर्ण ग्राम वासियों की भागीदारी रही। पूर्व सरपंच टीकमचंद साहू ने बताया कि वेद मूर्ति तपोनिष्ट आचार्य पं. श्रीराम शर्मा द्वारा हम बदलेंगे युग बदलेगा के विचार क्रांति को लेकर एवं शांति कुंज हरिद्वार की स्थापना तथा शांति कुंज में सन 1926 को प्रज्वलित अखंड ज्योति की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समस्त गायत्री परिवार जौन्दी द्वारा 17 फरवरी से 19 फरवरी तक संगीत मंडली के साथ गायत्री मंत्र के सामुहिक उच्चारण सहित पांच कुण्डीय महायज्ञ शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। श्री साहू ने बताया कि इस अवसर तीन दिन तक प्रज्ञा पुराण की कथा भी व्यासपीठ पर विराजे हेमन्त कश्यप के मुखारविंद से श्रोताओं ने श्रवण पान किया। प्रथम दिवस कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई जिसमें ग्रामीणजन एवं माता-बहनो की बढ़-चढ़कर भागीदारी रही। गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख चौरसिया, नंद कुमार साहू, सम्पत साहू झड़ीराम ध्रुव, माधव साहू, अलखराम, दीपक साहू, रीखम, भागवत यदु, थानूराम, रामाधार, गोविंद, रविन्द्र, गुहाराम साहू, संतराम साहू, आसकुमार, त्रिभुवन साहू, विशाखा साहू, सुनीता, कविता, मीनाक्षी देवी, फूलूबाई, राधा, दयाबती, जमुना, हेमलता, डिगेश्वरी, केजा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## सिंधी सेवा महापंचायत में अजय रोहरा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**गरियाबंद।** सामाजिक और सेवा गतिविधियों के लिए सक्रिय संगठन छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत ने संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्ति की घोषणा की है। महापंचायत ने गरियाबंद निवासी अजय रोहरा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति



तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जारी नियुक्ति-पत्र (18 फरवरी 2026) के अनुसार, अध्यक्ष अमर गिदवानी की अनुशंसा पर महासचिव जितेंद्र बड़वानी ने यह नियुक्ति की। इसकी जानकारी संगठन के प्रवक्ता दिनेश आठवानी ने दी। महापंचायत के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव जितेंद्र बड़वानी, कोषाध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी, सह-कोषाध्यक्ष सुदेश मंध्यान और राजेश गुरनानी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। महापंचायत का कार्यालय डी-62, सेक्टर-2, देवेन्द्रनगर, रायपुर में स्थित है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि सिंधी समाज की सेवा, संस्कृति संरक्षण और युवा सशक्तिकरण को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। संगठन ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरियाबंद सहित प्रदेशभर में सामाजिक एकता और सेवा कार्यों को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

**निधन**

## संत राम ढीढी

**छुईहा बेलर।** संतराम ढीढी ग्राम लचकेरा निवासी का शुक्रवार को



निधन हो गया। वह जिला पंचायत गरियाबंद सभापति नंदनी ढिढी लचकेरा का ससुर एवं सहकारी बैंक लचकेरा जामगांव प्राधिकृत कोमल ढीढी के पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

**प्रवचन : निमोरा में श्रीमद देवी भागवत कथा, चंडी यज्ञ से क्षेत्र में बना भक्तिमय वातावरण**

# देवी उपासना केवल अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशुद्धि का मार्ग : युवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



निमोरा में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं विशाल चंडी यज्ञ के पावन अवसर पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। इस दिव्य आयोजन में राष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडेय ने अपने ओजस्वी और मधुर वाणी से माँ जगदंबा की महिमा का ऐसा रसपान कराया कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथावाचन के दौरान पंडित युवराज पाण्डेय ने कहा कि देवी केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि करुणा, श्रद्धा और भक्ति का साकार रूप हैं। जब-जब संसार में अधर्म बढ़ता है, तब-तब माँ अपने विभिन्न स्वरूपों में अवतरित होकर धर्म की रक्षा करती हैं। उन्होंने श्रीमद् देवी भागवत के प्रसंगों के माध्यम से मां दुर्गा, महालक्ष्मी और महासरस्वती के स्वरूपों का विस्तृत वर्णन किया और बताया कि प्रत्येक शक्ति हमारे जीवन के भीतर भी विद्यमान है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि देवी उपासना केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का मार्ग है। उन्होंने चंडी यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यज्ञ न केवल क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जाता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार अंधकार को दूर करने के लिए दीपक जलाना आवश्यक है, उसी प्रकार जीवन के संकटों को दूर करने के लिए भक्ति और विश्वास का दीप प्रज्वलित करना जरूरी है। उनकी ओजपूर्ण शैली और भावपूर्ण प्रस्तुति ने कथा स्थल पर बैठे प्रत्येक श्रद्धालु को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। विशाल चंडी यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की सुगंध से पूरा वातावरण पवित्र हो उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ यज्ञ में आहुति दी तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर श्रद्धालु जय माता दी के उद्घोष से परिसर को गुंजायमान करते रहे। अपने प्रवचन में युवराज पांडेय ने कहा कि देवी भागवत कथा हमें केवल धार्मिक ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि संस्कार, संयम और समाज में एकता का संदेश भी देती है। उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया तथा मातृशक्ति के सम्मान को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कथावाचक का सम्मान किया और सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। ग्राम निमोरा में आयोजित यह आध्यात्मिक आयोजन क्षेत्र के लिए एक अविस्मरणीय अध्याय बन गया, जिसने श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

### कथा स्थल पर भक्ति और अनुशासन का दिखा अद्भुत संगम



कथा श्रवण करने पहुंचे लाला साहू ने बताया कि निमोरा में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं विशाल चंडी यज्ञ ने समूचे क्षेत्र को भक्तिरस से सराबोर कर दिया है। पंडित युवराज पांडेय के ओजस्वी एवं मधुर प्रवचनों ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा के दौरान महाभारत प्रसंग की भीष्म प्रतिज्ञा, भगवान परशुराम एवं भीष्म युद्ध का प्रभावशाली वर्णन सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्ति, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम दिखाई दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में सकारात्मक और धार्मिक वातावरण निर्मित हुआ। दूर-दूर से श्रद्धालुजन कथा-श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार कर रहा है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा-भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहा है। निमोरा की धरती पर बहती श्रीमद् देवी भागवत कथा की धर्म-गंगा जन-जन को प्रेरणा प्रदान कर रही है।

### भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम

भागवत कथा में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू विशेष रूप से मौजूद थे। कथा श्रवण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की और उपस्थित जनसमूह को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि देवी भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में संस्कार, श्रद्धा और एकता का संदेश देने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार का भव्य आध्यात्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विधायक श्री साहू ने महाराज युवराज पाण्डेय की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी यदि धर्म और संस्कृति के संरक्षण में आगे आए तो समाज की दिशा और दशा दोनों सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता और आध्यात्मिक झुकाव का संगम समाज के लिए शुभ संकेत है।

### इनकी रही उपस्थिति

विधायक ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे देवी भक्ति के माध्यम से अपने जीवन में सदाचार, सेवा और संयम को स्थान दें। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हुए आयोजन की सफलता पर सभी ग्रामवासियों को बधाई दी। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधायक के संबोधन का स्वागत करते हुए जय माता दी के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमद् देवी भागवत कथा श्रवण करने राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, डीसी प्रसाद साहू, प्रेमवती साहू, तुलेश साहू, देवनाथ साहू, मेहतरु राम साहू, आलोक साहू, रामकुमार साहू, डिगेश्वर साहू, कोमल साहू, रमेश साहू, भागवत साहू, ठाकुर राम साहू, धनमती साहू, दुकलहीन साहू, अनसुईया साहू, राजू साहू, रविशंकर साहू, नंदू साहू, रज्जू, गैंदलाल साहू, सुरेंद्र साहू, अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# कौन्दकेरा-तरीघाट-कुरूद-पाण्डुका टू लेन मार्ग निर्माण के लिए 25.87 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू द्वारा निरंतर सौगातों से अब राजिम विधानसभा की तस्वीर लगातार बदल रही है। क्षेत्रीय विकास के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए विधायक रोहित साहू के प्रयासों से क्षेत्र की जनता को फिर एक बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से जर्जर मार्ग और यातायात की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों के लिए अब खुशी की खबर है कि शासन द्वारा पाण्डुका कुरूद तरीघाट कौन्दकेरा मार्ग को टू-लेन बनाने की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विकास के क्रम में विधायक रोहित साहू ने जिस संजीदगी का परिचय दिया है, उसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को हो रहा है। विधायक रोहित साहू के प्रयासों से क्षेत्र में दिन प्रतिदिन नित-निरंतर विकास की नई सौगातें मिल रही है जो विकास कार्य वर्षों से लंबित थे उन सभी कार्यों को विधायक रोहित साहू द्वारा फलीभूत किया जा रहा है। इसी क्रम में राजिम विधानसभा के कौन्दकेरा से पाण्डुका मार्ग पर ग्राम कुरूद से तरीघाट तक 10 किमी टू लेन सड़क निर्माण के लिए 25 करोड़ 87 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। अब राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति और तेज होने वाली है। विधायक रोहित साहू के प्रयासों और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में यह स्वीकृति प्रदान गया है। लंबे समय से कुरूद-तरीघाट मार्ग संकरा होने के कारण आवागमन में परेशानियां होती थी और बढ़ते दबाव को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण की मांग क्षेत्रवासियों के द्वारा लगातार की जा रही थी। इस मार्ग के बन जाने से राहगीरों को सुविधा होगी और आवागमन की गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। साथ ही दुर्घटनाओं में कमी, कम समय में सफर और सुगम आवागमन सुनिश्चित हो पाएगा।



### क्षेत्र विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक रोहित साहू ने इसे क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने इस बड़ी सौगात के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर काम कर रही है। राजिम की जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसे पूरा करना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। कुरूद से तरीघाट टू लेन सड़क का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। क्षेत्र विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। टू-लेन मार्ग की स्वीकृति हमारे क्षेत्र की प्रगति का नया द्वार है। हमारी सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस मांग को पूरा किया। टू लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति की खबर मिलते ही राजिम विधानसभा के ग्रामीणों और कार्यकताअरं में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम की तस्वीर बदल रही है। एक के बाद एक मिल रही सौगातों से जनता के बीच यह संदेश गया है कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक पूरी तरह समर्पित हैं। सड़क निर्माण से आसपास के ग्राम कुरूद, पंडरीतराई,लोहरसी, सहसपुर, तरीघाट जैसे अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक रोहित साहू ने बताया कि आगामी दिनों में अन्य प्रमुख मार्गों के नवीनीकरण की भी योजना है।

# सेन समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक इंद्रकुमार



**नवापारा-राजिम।** पोंड़ में आयोजित सेन समाज के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि सेन समाज का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। समाज के लोग मुख्य धारा से जुड़े रहकर अपना जीवन यापन करते हैं। सेन समाज के लोग किसी पर आश्रित नही रहते। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह समाज सेवाभावी समाज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाने में यह समाज एक विशेष सहयोग प्रदान करता है। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू सेन समाज के साथ अपने पुराने संबंध को याद करके भावुक हुए। उन्होंने भविष्य में सेन समाज का भरपूर सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। सेन समाज के लिए शासन की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने सेन समाज की तारीफ की। उन्होने किचन शेड निर्माण कराने की घोषणा की। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जनपद सदस्य ब्रह्मानंद साहू ने सेन समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला। सेन समाज की निर्मित भवन में टाइल्स निर्माण के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर सेन समाज के अध्यक्ष द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता परिक्षेत्र के अध्यक्ष लेखराम सेन ने किया। इस अवसर पर सेन समाज परिक्षेत्र के गजानंद सेन, मनोज सेन, हुमेश सेन, महेंद्र सेन, चुन्नी सेन, मीडिया प्रभारी युवराज सेन, संतु सेन, रामकुमार सेन, महिला प्रकोष्ठ साधना सौरज, किरण सेन, लता सेन, मधु सेन, सुभद्रा सेन, दुर्गेश्वरी सेन, प्रीति सेन, शत्रुघ्न सेन, बल्लु सेन, लोकेश सेन, जितेन्द्र सेन, लखन, गंगा सेन, रोशन सेन सहित बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन युवा उपाध्यक्ष मनोज सेन व आभार लेखराम सेन ने व्यक्त किया।

# छुरा में मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश पर भड़की आप, FIR की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष चमन यादव के नेतृत्व मे एवं समस्त पदाधिकारियों के सहयोग से गरियाबंद जिले के नगर पंचायत छुरा में मतदाता सूची से नाम कटवाने के मामले को लेकर राजनितिक सरगर्मी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय छुरा एवं पुलिस थाना पहुंचकर ज्ञापन सोपते हुए आरोप लगाया है की सुनियोजित तरीके से फर्जी फ़ार्म 7 प्रस्तुत कर मतदाता सूची से लगभग 55 लोगों के नाम हटाने की कार्रवाई की मांग की गई है, पदाधिकारी द्वारा अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण SIR भीम के अंतर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक एवं झूठा आधार पर फार्म 7 का दुरुपयोग किया गया है आरोप है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम सूची से हटाने का प्रयास किया गया जो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है, आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी ने कहा कि यदि इस प्रकार फर्जी आपत्तियां दर्ज कर मताधिकार से वंचित करने की प्रवृत्ति पर रोक नहीं लगाई गई तो या लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ गंभीर खतरा साबित होगा।

### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी जेल और जुर्माना दोनों संभव

उन्होंने इसे न केवल लोकतंत्र का मजाक उड़ाने वाला कृत्य बताया बल्कि नागरिकों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकारों के हनन का प्रयास भी करार दिया और जिलाध्यक्ष चमन यादव ने कहा की उक्त लोगों ने भारतीय न्याय सहिता, 2023 की 212 का उल्लंघन किया है, लोक सेवक को जानबूझकर झूठी सुचना देने के सम्बंधित यदि कोई व्यक्ति कानूनन सच बताने के लिए बाध्य होने के बावजूद गलत जानकारी देता है तो उसे 6 महीने तक की कैद या 5000 जुर्माना, या दोनों हो सकते है, यदि झूठ किसी अपराध या अपराधी से सम्बंधित है तो 2 साल तक की सजा होती है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि मामले के निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिन लोगों ने जानबूझकर गलत जानकारी देकर फॉर्म 7 प्रस्तुत किया है उनके विरुद्ध विधिवत एवं दंडात्मक कार्यवाही किया जाए। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारीयों ने चेतावनी भी दी गई है कि दोषियो के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो, आम आदमी पार्टी सड़क की लड़ाई लड़ेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं शासन व प्रशासन होंगे, इस संबंध में अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया की उक्त मामलों की उचित जांच एवं कार्यवाही किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण यादव, लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, जिलाध्यक्ष चमन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ हरीश कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोहन सिन्हा, जिला महासचिव नंद लाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष यूथ दलेश्वर नागेश, ब्लॉक अध्यक्ष यूथ नवीन गायकवाड़, नगर अध्यक्ष छुरा इरफ़ान खान, उपाध्यक्ष जिसान मेमन छुरा, संगठन मंत्री साहिद खान, असगर खान उपस्थित थे।

# घुमकई नाला में सीसी चेक डेम का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला के घुमकई नाला में चेक डेम का निर्माण किया गया था, मगर पानी रोकने वाला हिस्सा 2018 से टूटा हुआ था। जिसकी जानकारी जल संसाधन विभाग को दी जा चुकी थीं। सात साल बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इसके परिणामस्वरूप, बरिश के दिनों में भी किसानों को इस चेक डेम से पानी नहीं मिल पाता, क्योंकि टूटा हुआ उलट बारिश के पानी को सीधे नदी में बहा देता था। यह चेक डेम सैकड़ों एकड़ की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। उलट टूटने के कारण किसानों को अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए खुद श्रमदान कर रेत की बोरियों से दीवार बनानी पड़ती थी, ताकि वे अपनी फसलों को बचा सकें। किसानों की



मांग पर रोजगार गारंटी योजना के तहत लगभग 14 लाख स्वीकृत किया गया है। जिसमें सामग्री और मजदूर दोनों का है। जिसका भूमिपूजन शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंचगण कसराम ठाकुर, कुबेर भुजिया, पुरोहित यादव, रजनी बाई यादव, मालती मरकाम, निर्मला निषाद, मेट रामायण ठाकुर, डोमन ध्रुव, लक्ष्मण यादव आदि लोग उपस्थित थे। भूमि पूजन के बाद जेसीबी मशीन से चैक डैम निर्माण के लिए नींव की खुदाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि चेकडैम के उलट निर्माण से अब किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और लगभग सौ एकड़ कृषि योग्य भूमि सिंचाई संभव हो सकेगी। इसी कड़ी में उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि चेकडैम बनने से पानी की समस्या से भी राहत मिलेगा। टूटे हुए उलट के नया निर्माण से खेतों में सीधा पानी पहुंचेगा। इस दौरान किसान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# देववाणी को अनिवार्य करने की मांग

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू जी से मुलाकात कर इसे बचाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि संस्कृत देववाणी और संस्कार परक भाषा है अतः संस्कृत भाषा का संरक्षण और संवर्धन परम आवश्यक है। उन्होंने आगे संस्कृत विषय की अनिवार्यता के लिए शिक्षा मंत्री से मिलकर आवश्यक रूप से चर्चा करने की बाते कहीं है। संस्कृत विषय बचाओ अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू, डॉ. नारायण साहू प्रदेश संचालक पूरन लाल साहू, शारदा साहू, ईश्वरी यादव ने छत्तीसगढ़ में संस्कृत विषय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के सचिवालय स्तर पर षड्यंत्र पूर्वक हटाया जा रहा है। इसे अवगत कराकर संस्कृत को पूर्व की भांति हरियाणा राज्य के तर्ज पर अनिवार्य विषय करने और संस्कृत विषय के विकल्प के रूप में नवीन व्यावसायिक शिक्षा लागू किया गया है उसे सातवें विषय के रूप में स्थान देने के लिए मांग पत्र राजिम विधायक रोहित साहू को सौंपा गया।



### पाठ्यक्रम से हटाने का आरोप और हरियाणा मॉडल की मांग

एक तरफ पूरा विश्व संस्कृत भाषा के महत्व को अपनाते हुए अपने देश के विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में संस्कृत भाषा को अनिवार्य कर रहे है वही अपने देश, प्रदेश में पाठ्यक्रम से हटाने के लिए षड्यंत्र चल रहा है। जो गंभीर चिंतन का विषय है। इस संदर्भ में संस्कृत सम्मेलन के दौरान भी 07 सितंबर 2025 को सरयू पारिण भवन मठपुरैना में आयोजित विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी मांग पत्र सौंपा जा चुका है। वहीं 25 अगस्त 2025 को माननीय शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में एससीईआरटी रायपुर को कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है परंतु उस निर्देश पर आज पर्यन्त क्रियान्वयन नहीं किया गया है।

